10/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने चिकित्सा और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है। राष्ट्रपति आज दोपहर भुवनेश्वर के जनता मैदान में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रवासी भारतीयों के विशिष्ट सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया। इससे पहले, राष्ट्रपति ने 'ओडिशा मंडप' सहित विभिन्न मंडपों का दौरा किया, जिसमें राज्य की उत्कृष्ट कला और शिल्प को प्रदर्शित किया गया है। मंडप का उद्देश्य ओडिशा की सांस्कृतिक समृद्धि का जश्न मनाना और इसके कारीगरों और शिल्पकारों को वैश्विक दर्शकों के सामने बढ़ावा देना है।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि वे 2047 तक सभी समस्याओं का समाधान चाहते हैं, ताकि विकसित भारत बन सके। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राजनीति में सफल होने के लिए समर्पण, प्रतिबद्धता, एक अच्छा टीम खिलाड़ी होना और लोगों के लिए खुद को उपलब्ध रखना आवश्यक है। श्री मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि उनका मानना है कि अच्छे लोगों को लगातार राजनीति में आना चाहिए, और उन्हें केवल महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि एक मिशन के साथ ऐसा करना चाहिए।

0000000000000000000

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा कि भारत प्रभावी सरकारी नीतियों और पहलों के कारण 2047 तक "विकसित भारत" के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री कल कोल्लम के अवनीश्वरम में एपीपीएम वोकेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल में 'सुगाथा सूक्ष्मवनम' कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे।

00000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाइक ने सारोक त्योहार के शुभ अवसर पर राज्य वासियों शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की हैं कि यह उत्सव सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशी लेकर आएगा। अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि, यह त्योहार विविधता, रचनात्मकता और नागरिक गौरव को बढ़ावा देकर हमारे समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सारोक त्योहार मुख्य रूप से ह्रुसो समुदाय के प्रकृति के साथ गहन संबंध को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे त्योहार हमारे नैतिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने और उन्हें आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

00000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने कल राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनायक से मुलाकात की। उन्होंने राज्य की विकासात्मक प्रगति पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने राज्यपाल को सभी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के राज्य के प्रयासों से अवगत कराया और 'सशक्त अरुणाचल' के कार्यान्वयन को संबोधित करने के लिए उपायुक्तों के सम्मेलन का प्रस्ताव भी रखा। राज्यपाल ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों और नीतियों के लिए नियमित निरीक्षण और समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने 2025 तक तपेदिक के उन्मूलन सहित प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिबद्ध कार्यक्रमों की समीक्षा को रेखांकित किया। राज्यपाल ने राज्य के प्रयासों की सराहना की और मुख्य सचिव को जिलों की अपनी कई यात्राओं के दौरान सामने आए मुद्दों को शामिल करने की सलाह दी।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अरुणाचल प्रदेश के लिए कर वितरण की किस्त के रूप में तीन हजार करोड़ से अधिक की धनराशी जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण सहायता से राज्य की राजकोषीय क्षमता को मजबूती मिलेगी, जिससे प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समय पर निष्पादन हो सकेगा, राज्य के समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत किया जा सकेगा और क्षेत्र में सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। श्री खांडू ने कहा कि यह सहायता अरुणाचल और पूरे पूर्वोत्तर के समग्र विकास के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

00000000000000000

ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडियन के वैज्ञानिकों ने अरुणाचल प्रदेश में एक नई प्रजाति, इंडो-बर्मीस पैंगोलिन की पहचान की है। यह प्रजाति लगभग 3.4 मिलियन वर्ष पहले चीनी पैंगोलिन से अलग हो गई थी। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने इस खोज पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर एक सोशल मीडिया पोस्ट मे कहा कि, यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल हमारे राज्य की जैव विविधता को उजागर करती है, बल्कि वैश्विक संरक्षण प्रयासों में अरुणाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करती है। उपमुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडियन के वैज्ञानिकों को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई भी दी हैं।

0000000000000000000

भारत ने राफेल तूफान के बाद क्यूबा को मानवीय सहायता दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि एंटीबायोटिक्स, एंटी-पायरेटिक्स, दर्द निवारक, ओआरएस और मांसपेशियों को आराम देने वाली दवाओं सहित आवश्यक दवाओं की एक खेप आज क्यूबा भेजी गई है।

00000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार पुलिस बलों को स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सके। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

0000000000000000000000